राज्य में पुनः प्रारम्भ होंगी फिल्मों की शूटिंग राज्य सरकार ने जारी किए मानक दिशा-निर्देश

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
LK-22-07-2020-2.docx (http://103.203.138.54/news/208947/document/LK-22-07-2020-2.docx)

DESCRIPTION

राज्य में पुनः प्रारम्भ होंगी फिल्मों की शूटिंग
राज्य सरकार ने जारी किए मानक दिशा-निर्देश

जयपुर, 22 जुलाई । राज्य सरकार ने प्रदेश में फिल्मों की शूटिंग पुनः प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान करते हुए इसके लिए SOP एवं मानक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विगत 3-4 माह से राज्य में कोविड-19 वैश्विक महामारी को देखते हुए व केन्द्र सरकार द्वारा लगाए गए देश-व्यापी लॉकडाउन के कारण राज्य में भी फिल्म शूटिंग संबधी कार्य ठप्प हो गया था।

पर्यटन विभाग के आयुक्त एवं प्रमुख शासन सचिव श्री आलोक गुप्ता ने बताया कि राजस्थान, प्रदेश भर में स्थित ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर व आकर्षक लैण्डस्कैप की वजह से फिल्म शूटिंग हेतु लोकेशन के रूप में फिल्मकारों एवं पटकथाकारों के लिए हमेशा से पहली पसंद रहा है। विगत वर्षों में पीके, मर्दानी, मणिकर्णिका, सुपर-30, बादशाहो, बद्रीनाथ की दुल्हनियां, दबंग-3, भूल-भूलैया, बागी-3, जोधा-अकबर, वीर, English Medium आदि हिट फिल्मों का फिल्मांकन राजस्थान की विभिन्न लोकेशन पर हो चुका है। इसके अतिरिक्त हाल ही में OTP पर रिलीज की गई चर्चित टी.वी. सिरीज ''आर्या'' की शूटिंग राज्य के विभिन्न स्थानों में की गई है। साथ ही देश के बड़े फिल्म प्रोडक्शन हाउस की कई फिल्में वर्तमान में निर्माणाधीन हैं जिनकी शूटिंग राजस्थान में होनी प्रस्तावित हैं।

उल्लेखनीय है कि अनलॉक-1 की घोषणा के साथ ही देश-विदेश से फिल्म प्रोड्सरों द्वारा राज्य में फिल्म शूटिंग पुनः आरम्भ किये जाने की स्वीकृति दिये जाने की मांग भी की जा रही थी।

SUPPORTING IMAGES